## एक नजर में

### पं . दीनदयाल उपाध्याय मंडल निर्वाचन नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यशाला



**बुरहानपुर ।** बुरहानपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल फोफनार क्षेत्र में आयोजित मंडल स्तरीय निर्वाचन नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर 2025 कार्यशाला को मध्यप्रदेश शासन की पूर्व केबिनेट मंत्री एवं बुरहानपुर विधायक श्र्अर्चना चिटनिस ने संबोधित किया। उन्होंने कार्यशाला में चुनाव आयोग द्वारा संचालितै स्.2025 अभियान की प्रमुख जानकारियाँ साझा कीं तथा जनता तक अधिकतम जागरूकता पहुँचाने और पात्र नागरिकों को मतदाता सूची से जोड़ने के लिए कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। लोकतंत्र को सशक्त बनाने के इस अभियान में भाजपा कार्यकर्ता पूर्ण समर्पण के साथ जुटे हैं। कार्यशाला में भाजपा जिला महामंत्री चिंतामन महाजन, उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी,ईश्वर चौहान, मंडल अध्यक्ष नितिन महाजन सहित समस्त पदाधिकारियों, बूथ अध्यक्ष, बूथ महामंत्री, बीएलओ सहित कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

### सपना तिवारी को पीएचडी की उपाधि से नवाजा



**नेपानगर।** नगर की न्यू कॉलोनी निवासी सपना तिवारी पति रविंद्र शर्मा को मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी भोपाल ने पीएचडी की उपाधि से नवाजा। उन्होंने अपना शोध नैनो टेक्नालॉजी विषय पर डॉ सतीश कुमार के निर्देशन में पूर्ण किया। इस उपलब्धी पर परिजनो, स्नेहीजनो, स्थानिय गणमान्यों ने उन्हे बधाई देते हुवे उज्वल भविष्य की मंगलकामनाए की।

### डॉ . दिव्येश लाड़ को इंडियन सोसाइटी ऑफ़ क्रिटिकल केयर मेडिसिन डोरा की लाइफ मेंबरशिप



**बुरहानपुर ।** बुरहानपुर में अपनी सेवाएं दे रहे डॉ दिव्येश लाड़ एमडी उनके द्वारा किए जाने उत्कृष्ट सेवा के लिए इंडियन सोसाइटी ऑफ़ क्रिटिकल केयर मेडिसिन डोरा लाइफ लोंग मेंबरशिप प्रदान की गई। इस उपलब्धि पर शेर के वरिष्ठ हृदय विशेषज्ञ डॉ रमेश कपाड़िया, डॉ आय.एल. मूंदड़ा ,डॉ हेमंत महाजन ,अपना चैंबर संचालक नीरज कक्कड़ ,जिला केमिस्ट् एसोसिएशन अध्यक्ष मनोज अगनानी ,अपना कमर्शियल क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी अध्यक्ष शरद मोरे ,डॉ नरेंद्र राजपूत, राजेंद्र लाड,डॉ निमिषा लाड़ द्वारा बधाइयां दी गई।

### समाजसेवी का अनोखा अभियान : यमराज बनकर सड़क सुरक्षा का संदेश



**बुरहानपुर।** बुरहानपुर में समाजसेवी राजेश मावले ने सोमवार को यमराज का वेश धारण कर शहर में जागरूकता अभियान चलाया। उन्होंने शनवारा चौराहा और लोधीपुरा रोड पर लोगों से बाइक चलाते समय हेलमेट पहनने और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने की अपील की। इस दौरान आमजन ने खराब सड़कों को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की। लोगों ने कहा कि शहर की सड़कें काफी खराब हो गई हैं और उन्हें तुरंत दुरुस्त किया जाना चाहिए। अधिवक्ता शेख हनीफने बताया कि कुछ समय पहले एक हादसे में बालिका की मौत हो गई थी। उन्होंने पेयजल परियोजना के कारण खोदी गई सड़कों की खराब स्थिति पर प्रकाश डाला,जिनका आज तक सही ढंग से सुधार नहीं हो पाया है। हालांकि हाल ही में लालबाग तक सड़क स्वीकृत हुई है। शहर में इन दिनों डायरिया भी फैला हुआ है। अभियान के दौरान,हेलमेट पहनकर वाहन चलाने वाले चालकों की सराहना भी की गई।

### जिला कोषालय कार्यालय की परामर्शदात्री मीटिंग



**बुरहानपुर।** जिला कोषालय कार्यालय की परामर्शदात्री मीटिंग आज जिला कलेक्टर कार्यालय में आहूत की गई। उपरोक्त जानकारी देते हुए कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं शासन से मान्यता प्राप्त कर्मचारी कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित ने बताया कि इस बैठक में जिले के सभी विभागों के कर्मचारी/अधिकारी एवं शिक्षक,शिक्षिकाओं की विभिन्न समस्याओं को रखा गया , जिसमें आदिम जाति कल्याण विभाग के समस्त स्थाई कर्मचारियों के एनपीएस में 60 वर्ष ही कार्यकाल दर्शाया गया है। जो कि 62वर्ष होना चाहिए,संबंधित अधिकारी से इस विषय हेतु चर्चा कर समाधान का अनुरोध किया गया, 12 वर्ष 24 वर्ष के क्रमानती आदेश जारी हो गए हैं इसमें कुछ कर्मचारियों का एरियास शेष रह गया है उसे भी जारी किया जाए तथा समय मान वेतनमान को नियमित वेतनमान में जोड़कर लागू किया जाए।

### लैंड पूलिंग एक्ट वापस लेने किसान संघ का ज्ञापन

**बुरहानपुर।** भारतीय किसान संघ मालवा प्रांत बुरहानपुर द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम अपर कलेक्टर वीर सिंह जी को लेंड पुलिंग गजट नोटिफिकेशन को वापस लेने हेतु ज्ञापन दिया गया। बड़ी संख्या में किसानों के साथ आए भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष संतोष महाजन मैं ज्ञापन के विषय में मीडिया प्रभारी प्रवीण चौधरी एवं अन्य से बातचीत करते हुए बताया कि सम्पूर्ण मध्यप्रदेश से लैंड पुलिंग एक्ट समाप्त हो,उज्जैन सिंहस्थ क्षेत्र से नगर विकास योजना लैंड पुलिंग एक्ट का गजट नोटिफिकेशन रद्द किया जाए व पूर्व की तरह सिंहस्थ आयोजित किया जाए। किसानों पर दर्ज मुकदमे वापिस लिए जाए । जिला मंत्री इंद्रपाल महाजन,सह मंत्री वसंत पाटिल, तहसील अध्यक्ष उत्तम महाजन एवं राजू प्रजापति ,सुभाष पाटिल, भुवान सिंह चौहान,योगेश प्रजापति,राजू पाटिल, उज्जवल पाटिल सहित बड़ी संख्या में जिला कार्यकारिणी एवं तहसील कार्यकारिणी के सदस्य के साथ किसान ज्योतिबा फुले सब्जी मंडी बुरहानपुर कार्यालय पर इकट्ठा हुए। यहां भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष ने बताया कि आज भारतीय किसान संघ सहित विश्व के सबसे बड़े संगठन भारतीय मजदूर संघ जैसे अनेक अनेक संगठनों के संस्थापक युगपुरुष दत्तो पंत जी ठेंगड़ी का जन्मदिन भी है।

# जिला अस्पताल में डायरिया के 128 मरीज भर्ती , 30 की छुट्टी, जांच टीम बुलाई



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर ।** विगत तीन दिनों से डायरिया का प्रकोप जारी है। अब तक 128 से अधिक मरीज जिला अस्पताल में भर्ती हुए हैं। इसमें से 30 मरीजो को छुट्टी दिए जाने की बात चिकित्सक बता रहे है। वही आजाद नगर की रुखसाना बानो 55 वर्षीय और 13 माह के एक बच्चे की मौत की चर्चाए सामने आई है। प्रशासन इन मौतों का कारण डायरिया नहीं मान रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सोमवार को खंडवा मेडिकल कॉलेज की एक टीम जांच के लिए बुरहानपुर पहुंची है।

सीएमएचओ डॉ.आर.के .वर्मा, अपर कलेक्टर वीर सिंह चौहान और जिला पंचायत सीईओ सृजन वर्मा ने डायरिया से मौतो की बात से साफ इंकार किया है। उनका मानना है कि मरीजों को उल्टी.दस्त के कारण अस्पताल में भर्ती जरूर किया गया था, लेकिन उन्हें पहले से अन्य बीमारियां भी थीं। उल्लेखनिय है कि रविवार को कलेक्टर ने स्वयं प्रभावित वार्डों का दौरा किया था। इधर, रविवार को लोहार मंडी क्षेत्र में एक स्वास्थ्य शिविर लगाया गया था। इसमें 22 ओपीडी दर्ज की गईं और उल्टी.दस्त के पांच मरीज मिले, जिनमें से दो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम की टीमें सर्वे में लगी हैं। सोमवार को खंडवा मेडिकल कॉलेज की एक टीम बुरहानपुर पहुंची है। यह टीम पानी के नमूने लेने के साथ ही मरीजों की स्थिति में सुधार की दिशा में काम करेगी और वार्डों में पहुंचकर सर्वेक्षण करेगी।

### नगर में फैले डायरिया के लिए जिम्मेदारों पर हो कार्रवाई : कांग्रेस नेता रघुवंशी



नगर में दूषित जल प्रदाय के चलते फैले डायरिया ने अब मौत का रूप के लिया है,दो मौत के पश्चात भी ओर खतरा बढ़ता ही जा रहा है। किंतु निगम प्रशासन आज भी कुम्भकर्णी नींद में सोया हुआ हैएऐसा प्रतीत होता है कि बहुत सारी मौतों के बाद ही उसकी नींद खुलेगी,तब जाकर वह जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। उक्त आरोप लगाते हुए कांग्रेस नेता अजयसिंह रघुवंशी ने कहा कि विगत एक वर्ष से निगम में कांग्रेस के पार्षद एवं कांग्रेस पार्टी लगातार जल आवर्धन योजना के खिलाफ ज्ञापन एवं आंदोलन किये गए ओर उसकी लापरवाही को उजागर किये गए किन्तु तब भी प्रशासन आंख मूंदे बैठा रहाएगत वर्ष भी जब दूषित पानी से कुछ बच्चो की मौत हुई तो प्रशासन ने केवल लीपापोती कर मामले को दबा दिया, किन्तु आगे ऐसी पुनरावृत्ति ना हो ऐसा कोई प्रयास नही किया,जिसकी परिणीति के रूप में एक बार पुन: मौत का विकराल रूप हमे देखने को मिल रहा है। श्री रघुवंशी ने भाजपा के जिम्मेदार विकास पुरुषों ओर इतिहास बनाने वाले जनप्रतिनिधियों के बेशर्मी पर भी सवाल उठाए,उन्होंने कहा कि जब भी जनता संकट में होती है तब ये इतिहास बनाने वाले पता नही की बिल में घुस जाते हैएकेवल चुनाव में ही इन्हें जनता की तकलीफे याद आती है। श्री रघुवंशी ने एक बार पुन: प्रशासन को चेताया कि तत्काल जेएमसी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के मामले दर्ज करावे तथा दूषित पानी के प्रदाय को रोक कर शुद्ध पानी की व्यवस्था करे,अन्यथा कांग्रेस व्यापक स्तर पर आंदोलन करने को बाध्य रहेगी।

### संभागस्तरीय प्रतियोगिता में सेवासदन का द्वितीय स्थान



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर ।** शासकीय महाविद्यालय मंडलेष्वर में आयोजित संभागस्तरीय योगा प्रतियोगिता में सेवासदन महा विद्यालय के योगा (पुरूष) टीम का उत्कृष्ट प्रदर्षन करते हुये द्वितीय स्थान प्राप्त किया। योगा टीम में दीपक कुषवाह, निकित सोनी, पृथ्वीराज पारोचे, महेन्द्र महाजन, देवेन्द्र लोखंडे एवं भावेष पाटिल शामिल थे। साथ ही योगा (महिला) टीम में प्राची नारायण बारी एवं प्राची विनोद मानकरे शामिल थे। दीपक कुषवाह ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्षन करते हुये विष्वविद्यालय टीम में अपना स्थान सुनिष्चित किया। इस उत्कृष्ट सफ्लता पर सेवासदन शिक्षा समिति की अध्यक्ष श्रीमती तारिका वीरेन्द्रसिंह जी ठाकुर, सचिव हसमुखलाल जरीवाला, मैनेजर मनीष पटेल, प्राचार्य डॉ. एस.एम. शकील, क्रीडा धिकारी श्रीमती मनीषा पाटिल ने सम्मान करते हुये बधाई दी व प्रतिभागी छात्र/छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की।

### ट्रायम्फल आर्च एकेडमी में एलेन के सीनियर डिवीजन का शुभारंभ

**आईआईटी,जी,नीट की तैयारी हेतु अब एलेन बुरहानपुर में**



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर ।** शहर की सुप्रसिद्ध शिक्षण संस्था ट्रायम्फ्ल आर्च एकेडमी एवं एलेन करियर इंस्टीट्यूट द्वारा संयुक्त रूप से विद्यार्थियों एवं पालकों हेतु करियर गाइडेंस सेमिनार आयोजित किया गया।

इस सेमिनार में एलेन की सीनियर फिजिक्स फैकल्टी एवं मेडिकल काउंसलर श्री विवेक श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध कई सारे करियर ऑप्शंस के बारे मे बताया एवं प्रतियोगी परीक्षा में सफ्लता प्राप्त करने हेतु शीघ्र शुरुआत करने पर ज़ोर दिया।

श्री श्रीवास्तव ने एलेन किस तरह से एसआईपी स्कूल एकीकृत प्रोग्राम के तहत विद्यार्थियों को बुरहानपुर एवं आसपास के क्षेत्रों के लाभान्वित करेगा ये भी बताया एवं पालकों को आश्वस्त किया कि एलेन विगत 3 वर्षों से कक्षा 6 वी से 10 वी में पीएनसीएफ के तहत ट्रायम्फ्ल आर्च एकेडमी में अपनी सेवाएं दे रहा है और अब कक्षा 11 वी एवं 12 वी में आयआयटी, जी,नीट के लिए भी अंगद के पैर की तरह एलेन बुरहानपुर में अपने पैर जमा चुका है।

संस्था सचिव श्रीमति नम्रता पटेल ने अपने संबोधन में बताया कि बुरहानपुर में एलेन होने से विद्यार्थियों का प्रतियोगी परीक्षाओं की पढ़ाई पर होने वाला खर्च लगभग आधा होगा। जो कि सभी विद्यार्थियों को अपने सपने पूरे करने मे सहायता करेगा।

संस्था चेयरमैन कमलेश ने बताया कि विगत 3 वर्षों से पालकों की सतत मांग को दृष्टिगत रखते हुए अगले शैक्षणिक सत्र से शाला में आयआयटी,जी,नीट हेतु एलेन एक्सपर्ट फैकल्टी द्वारा विशेष रूप से तैयार किए गए मॉड्यूल्स से पढ़ाई कराई जाएगी जिससे किसी भी विद्यार्थी को अब शहर से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

### शाहपुर में जनसहभागिता से वंदे मातरत गीत का गायन

**नवभारत न्यूज, शाहपुर।** राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे नगर परिषद शाहपुर में अध्यक्ष श्रीमती साधना विरेन्द्र तिवारी के मुख्य अतिथ्य मे राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का गायन जनसहभागिता से परिषद पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, स्कूली छात्र. छात्राओ, स्वास्थ विभाग, महिला एवं बाल विकास आदि विभागो के अधिकारी कर्मचारी द्वारा किया गया।

नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती साधना विरेन्द्र तिवारी द्वारा वन्दे मातरम के इतिहास का उल्लेख करते हुए बताया कि इस गीत की रचना बकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने वर्ष 1875.76 में की थी और 1882 में आनंदमठ में प्रकाशित हुवा ! बंग भंग आंदोलन के दौरान इस गीत को गाने पर ब्रिटिश हुकूमत द्वारा लाठीचार्ज, गिरफ्तारियाँ, क्लब्ड पुलिस एक्शन और काला पानी जैसी कठोर सजाएं दी जाती थी फ्रि भी यह गीत स्वतंत्रता सैनिको का सबसे बड़ा संबल बना रहा।

इस दौरान नगर परिषद उपाध्यक्ष रजनी गोपाल चैधरी, पार्षद किशोर देशमुख, अरुण चौधरी,पवन बडोले, पार्षद प्रतिनिधि विजय दौड़े, , प्राचार्य अतिक अली,संगीत शिक्षक श्रीमती अनिता अहंकारे, शिक्षक एकनाथ महाजन, कृष्णा खरचे, विकास खरचे, स्वास्थ विभाग से पियुष भार्गव, संजय चैधरी, प्रभारी अधिकारी जगन्नाथ महाजन, रा.उ.नि. रतनसिंग रावत, कर्मचारी ईश्वर वरखेडे, अभिषेक जवरे, प्रतिभा काले, बोदरसिंग डावर, हिमांशु पाटील, तुषार राजपूत, वसंत महाजन, सिद्धार्थ सिंधे,राजू महाजन, भारती महाजन,श्रीमती चंद्रकला मेढे, सफाई दरोगा विनोद इंगले,बालू जंजाल,रविन्द्र ससाने, विद्युत एवं जल कार्य विभाग प्रभारी चेतन महाजन एवं अन्य विभागो तथा नगर परिषद के कर्मचारी उपस्थित थे।

### नगर निगम में सामूहिक वंदे मातरम् का गान



**महापौर कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी तक स्वतंत्रता की भावना पहुंचाना और देशभक्ति को बढ़ावा देना**

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर ।** महापौर माधुरी अतुल पटेल के मुख्य अतिथि में निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव एवं अधिकारियों / कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का गान किया। इस अवसर पर महापौर ने सभी उपस्थित जनों से संकल्प दिलाया कि हम सब अपने दैनिक जीवन में स्वदेशी निर्मित वस्तुओं का उपयोग करेंगे तथा सभी जनों को इसके लिए प्रेरित करेंगे।

महापौर माधुरी पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी तक स्वतंत्रता की भावना पहुंचाना और देशभक्ति को बढ़ावा देना है। देश के प्रति समर्पण और एकता के संदेश को दोहराया वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि स्वाधीनता संग्राम की आत्मा है,जिसने देशवासियों को आजादी की लड़ाई के लिए प्रेरित किया।

आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि युवाओं को इस गीत की भावना को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम में अधि./ कर्म. द्वारा एक साथ वंदे मातरम गीत गाने और भारत माता के जयकारे लगाए गए आजादी के आंदोलन के दौरान वंदे मातरम गीत आजादी के दीवानों के लिए प्रेरणा स्रोत था इस गीत का को बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के द्वारा अपने उपन्यास आनंद मठ में लिखा गया यह राष्ट्रीय गान आंदोलन कार्यों के लिए प्रेरणा स्रोत रहा है।

यह गीत उनमें आजादी के लिए जोश और उमंग पैदा करता था और यही कारण था कि हमारा देश 15 अगस्त 1947 को आजाद हुआ। इस अवसर पर सहा. आयुक्त सुश्री स्वर्णिका वर्मा लेखा अधिकारी विक्रम पोरवाल संदीप तिवारी निगम अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### नि : शुल्क दंत एवं नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर ।** आरोग्य भारती बुरहानपुर शाखा के तत्वावधान में केंद्रीय विद्यालय, बुरहानपुर में विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क दंत एवं नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नेत्र एवं दंत विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा लगभग 500 विद्यार्थियों के नेत्र और दंत स्वास्थ्य की जांच की गई तथा उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरोग्य भारती बुरहानपुर के अध्यक्ष डॉ.मनोज अग्रवाल ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में बच्चे अपनी आँखों और दाँतों की देखभाल को नज़रअंदाज़ कर रहे हैं। मोबाइल और टैबलेट की स्क्रीन पर लम्बे समय तक नज़र गड़ा, रखना,बार.बार चॉकलेट, टॉफी और मीठा खाना, ठंडे पेय और जंक फूड का सेवन,ये सभी आदतें बच्चों की आँखों और दाँतों को नुकसान पहुँचा रही हैं। मोबाइल की नीली रोशनी ;ठसनम स्पहीज से आँखों की रोशनी पर असर पड़ रहा है, वहीं मीठा अधिक खाने और ब्रश सही ढंग से न करने से दाँतों में कीड़े लगना और बदबू जैसी समस्याएँ बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि श्स्वस्थ बालक ही स्वस्थ भारत की नींव हैं,इसी उद्देश्य से इस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है।

इस अवसर पर दंत चिकित्सक डॉ.भरत चौधरी, नेत्र विशेषज्ञ खोकोपुरिया,एम.एल. बरार, डॉ. विनोद चौधरी अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संघ, डॉ.शिवकुमार आचार्य, डॉ.योगेश पाटिल,डॉ.सुनील पाटिल तथा जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री मनीष कुवादे उपस्थित रहे।

विद्यालय के प्राचार्य शशिकांत तिवारी ने आरोग्य भारती संस्था एवं उपस्थित चिकित्सकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा हम आरोग्य भारती बुरहानपुर और सभी विशेषज्ञ चिकित्सकों के आभारी हैं जिन्होंने अपने व्यस्त समय में से समय निकालकर विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु यह सराहनीय सेवा दी। इस प्रकार के आयोजन बच्चों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिविर में विद्यालय के शिक्षकगण, विकास मिश्रा सहित अनेक विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

**एक नजर** 68 .50 लाख रूपए से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण .भूमिपूजन.....

## जनता के सहयोग और विश्वास के बल पर ही हम गांव-गांव तक सुविधाएं पहुंचा पा रहे हैं : चिटनिस

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर ।** क्षेत्र के सतत विकास और जनकल्याण के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस के करकमलों से ग्राम पंचायत फोफनार कलां एवं ग्राम बाराडोली में 68.50 लाख रूपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इसमें 23.50 लाख की लागत से 6 विकास कार्यों में मार्ग निर्माण, सीमेंटीकरण, बाउंड्रीवॉल, सौंदर्यीकरण, भवन आदि का लोकार्पण किया गया तो वहीं 45 लाख रूपए की लागत से 11 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम स्थल पर उत्सवमय वातावरण रहा और उपस्थित जनसमूह ने विधायक चिटनिस का स्वागत पुष्पमालाओं और नारों के साथ किया। इस अवसर पर श्रीमती चिटनिस ने ग्राम की शासकीय मॉडल स्कूल के बाउंड्रीवाल का भूमिपूजन स्कूल में अध्ययनरत विद्यार्थियों से कराया। प्रवास के दौरान श्रीमती चिटनिस ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी तथा निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर निराकरण किया।



अर्चना चिटनिस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा विकास का वास्तविक अर्थ तभी पूरा होता है जब उसका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। जनता के सहयोग और विश्वास के बल पर ही हम गांव.गांव तक सुविधाएं पहुंचा पा रहे हैं।

विकास के हर कार्य में जनता की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बुरहानपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क,धर्मस्थल एवं सामुदायिक सुविधाओं को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। श्रीमती चिटनिस ने कहा कि मुरूमीकरण अथवा मार्ग निर्माण के साथ ही वर्षा के जल सहित नाली निकासी कार्य को भी स्टीमेंट में सम्मिलित करें।

**23.50 लाख की लागत से 6 कार्यों का लोकार्पण:**-अर्चना चिटनिस ने जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के साथ 23 लाख 50 हजार रूपए की लागत से करीब 6 से अधिक विकास कार्यों का लोकार्पण किया। विधायक निधि से 3 लाख रूपए की लागत से स्वीकृत श्री स्वामी समर्थ आध्यात्मिक केंद्र की बाउंड्री वॉल का लोकार्पण किया। यहां पूर्व में भी श्रीमती चिटनिस ने विधायक निधि से अनेक विकास कार्यों की सौगात देकर इसे भव्य रूप प्रदान किया गया है।

इसी प्रकार विधायक निधि मद अंतर्गत 10 लाख रूपए की लागत से शिव मंदिर मठ से कब्रस्तान तक मार्ग निर्माण एवं 3 लाख की लागत से स्वीकृत श्री भोलेनाथ मंदिर मठ की बाउंड्रीवॉल निर्माण का लोकार्पण किया। ग्राम बाराडोली में श्री हनुमान मंदिर परिसर में हेतु 2.5 लाख रूपए की लागत से जीर्णोद्धार,2 लाख रूपए की लागत से श्री शिव मंदिर के जीर्णोद्धार.सौंदर्यीकरण कार्य तथा कोतवाल फाल्या में 3 लाख रूपए की लागत से श्री शिव मंदिर के समीप शमशान निर्माण का लोकार्पण किया। इन कार्यों से धार्मिक, सामाजिक और नागरिक सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा।

### 45 लाख की लागत से अनेक विकास कार्यों का भूमिपूजन

विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस ने 45 लाख रूपए से ज्यादा की लागत के 11 से अधिक विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इसमें 16 लाख रूपए से अधिक की लागत से स्वीकृत कोतवाल फाल्या फोफनार स्थित शासकीय मॉडल स्कूल की बाउंड्रीवॉल निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। श्रीमती चिटनिस ने कहा कि यहां और राशि की आवश्यकता होगी तो उसे भी स्वीकृत कराकर बाउंड्रीवाल का व्यवस्थित बनाया जाएगा। 3 लाख रूपए की लागत से स्वीकृत श्री शीतला माता मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य, 3 लाख की लागत से फोफनार खुर्द के श्री हनुमान मंदिर की बाउंड्रीवॉल एवं सौंदर्यीकरण,3 लाख की लागत से छत्रपति शिवाजी महाराज प्रतिमा सौंदर्यीकरण कार्य, 3 लाख की लागत से शिवाजी नगर स्थित श्री भोलेनाथ मंदिर के समीप सभामंडप निर्माण, 3 लाख की लागत से साईनगर से बारडोली तक स्ट्रीट लाईट कार्य, 3 लाख की लागत से बारडोली स्थित सामुदायिक भवन सीताराम बाबा कुटिया निर्माण कार्य, 2 लाख की लागत से श्री नवनाथ महाराज समाधी की बाउंड्रीवाल निर्माण, 3 लाख की लागत से दहीहांडी फाटे से सेलगांव तक मुरूमीकरण , 4 लाख की लागत से जयराम राठौर के खेत से विश्वनाथ जी के खेत तक मुरूमीकरण कार्य तथा 2 लाख रूपए की लागत से श्री साई मंदिर के समीप सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन किया।

**ग्रामवासियों ने अर्चना चिटनिस का जताया आभार :**-ग्रामवासियों एवं जनप्रतिनिधियों ने विधायक अर्चना चिटनिस का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निरंतर प्रयासों से फोफनार क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिली है। मंदिरों, सड़कों, स्कूलों और सार्वजनिक स्थलों के निर्माण से क्षेत्र का स्वरूप निखर रहा है और जनजीवन अधिक सुगम हो रहा है।